www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

शुक्रवार
23 सितंबर 2022, नोएडा, नगर संस्करण

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

सौरव गांगुली बोले, अगले वर्ष से अपने पुराने प्रारूप में लौटेगा आईपीएल

तैयारी | वाणिज्यिक भूखंडों की योजना निकालने से पहले निवेशकों से सुझाव लिये, ग्रेनो प्राधिकरण 26 सितंबर को लॉन्च करेगा भूखंडों की योजना

ग्रेटर नोएडा में 11 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनेंगे

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। वाणिज्यिक भूखंडों की योजना निकालने से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को बिल्डरों की संस्था क्रेडाई और अन्य वाणिज्यिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने योजना को लेकर निवेशकों के सुझाव जाने। प्राधिकरण 11 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना 26 सितंबर को लॉन्च करेगा। इससे ग्रेटर नोएडा में 11 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि इन भूखंडों पर एफएआर (फ्लोर एरिया रेश्यो) चार है। आवंटी ग्राउंड कवरेज का 40 फीसदी निर्माण कर सकता है। प्लॉट के 40 फीसदी एरिया पर ग्राउंड कवरेज की अनुमति है। ग्रेटर नोएडा में अब हाईराइज कॉमर्शियल इमारतें बन सकेंगी। नीलामी के जरिए भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन से लेकर आवंटन तक की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की जाएगी। एसबीआई पोर्टल के जरिए आवेदन किया जाएगा। आवेदन के समय बतौर पंजीकरण राशि भूखंड की कुल कीमत का 10 फीसदी देना होगा। शेष धनराशि आवंटन से 90 दिनों में करना होगा। बैठक में प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र और अमनदीप डुली, ओएसडी संतोष कुमार, जीएम वित्त विनोद, प्रभारी जीएम सलिल, क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष मनोज आदि मौजूद रहे।

40 फीसदी निर्माण कर सकता है आवंटी ग्राउंड कवरेज का

10 फीसदी राशि देनी होगी आवेदन के समय भूखंड की कुल कीमत की

90 दिनों में करना होगा शेष धनराशि का भुगतान आवंटन के बाद

जमीन और कीमत

प्लॉट संख्या	सेक्टर	एरिया	रिजर्व प्राइज
सी-1	पाई-1	2500	75000
सी-2	पाई-1	4374	75000
सी-2	टेकजोन-7	10,000	67000
सी-7	सेक्टर-12	10,400	65000
सी-8	सेक्टर-12	10,400	65000
सी-1	सेक्टर-10	9250	65000
सी-4	सेक्टर-10	10600	65000
सी-5	सेक्टर-10	10600	65000
सी-6	सेक्टर-10	10600	65000
सी-2	अल्फा-2	11500	82500
सी-3	इकोटेक-12	12000	73700

(सभी भूखंडों का रिजर्व प्राइज रुपये प्रति वर्ग मीटर में है।)

ये सुझाव दिए गए

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष मनोज गौड़ ने बताया कि उन्होंने बैठक में अनुरोध किया है कि ग्राउंड कवरेज नोएडा प्राधिकरण के समान 50 प्रतिशत हो। प्रोजेक्ट पूरा होने का समय मैप अनुमोदन के बाद माना जाए। कम्पलीशन सर्टिफिकेट को बकाया राशि से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। तीनों प्राधिकरणों के नियमों में एकरूपता होनी चाहिए।

“ निवेशकों की मांग और ग्रेटर नोएडावासियों की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण 26 सितंबर से वाणिज्यिक भूखंड योजना को लॉन्च करेगा। इन भूखंडों पर किसी तरह के विवाद नहीं हैं। वाणिज्यिक गतिविधियों के होने से निवासियों की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो सकेंगी। -**सुरेन्द्र सिंह,** सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण